भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3094

जिसका उत्तर 18.12.2025 को दिया जाना है

एनएचएआई की निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता

3094. डॉ. राजेश मिश्रा:

श्री तापिर गाव:

डॉ. हेमांग जोशी:

श्री मनीष जायसवाल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा वर्तमान में निविदा प्रक्रिया के अधीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का ब्यौरा सार्वजनिक करने के निर्णय के पीछे क्या तर्क है;

(ख) परियोजना की अवधि, पूंजी लागत, स्वीकृतियों और भूमि अधिग्रहण की प्रगति के संबंध में किस प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है;

(ग) क्या सरकार का परियोजना नियोजन और कार्यान्वयन के अन्य चरणों में भी इसी प्रकार के पारदर्शी उपायों को लागू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में लंबित ऐसे मामलों की संख्या कितनी है और इनका ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की बोलियां आमंत्रित करने के संबंध में, एनएचएआई की वेबसाइट पर हर दो महीने में एक बार जानकारी प्रकाशित की जाती है। इसका उद्देश्य संभावित बोलीदाताओं को विभिन्न स्वीकृतियों और भूमि अधिग्रहण सहित निर्माण-पूर्व गतिविधियों की स्थिति के बारे में पूर्ण पारदर्शिता प्रदान करना है। इस पहल का उद्देश्य संभावित बोलीदाताओं को बोली में भाग लेने के संबंध में निर्णय लेने में सक्षम बनाना है। आगामी बोलियों की शीघ्र जानकारी से बोलीदाताओं की भागीदारी बढ़ती है, जिससे प्रतिस्पर्धा में वृद्धि होती है और नए एवं अंतर्राष्ट्रीय ठेकेदारों को आकर्षित करने में सहायता मिलती है।

(ख) परियोजना के मुख्य विवरण, जैसे कि परियोजना की अवधि, लागत और निविदा प्रक्रिया मुहैया कराए जाते हैं। परियोजना की स्वीकृति की स्थिति के साथ-साथ भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण मंजूरी, वन मंजूरी, रेलवे मंजूरी, वन्यजीव मंजूरी, जलमार्ग मंजूरी सहित निर्माण-पूर्व गतिविधियों की स्थिति से संबंधित जानकारी भी साझा की जाती है।

(ग) राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की व्यवहार्यता निर्धारित हो जाने के बाद, आवश्यक विवरणों सहित, पारदर्शिता के लिए परियोजनाओं का प्रासंगिक विवरण ऑनलाइन साझा किया जाता है।

(घ) सिधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक परियोजना, अर्थात् एनएच-39 के रीवा-सिधी खंड को 4-लेन बनाने की परियोजना का विवरण एनएचएआई द्वारा मंजूरी की स्थिति के साथ ऑनलाइन साझा किया गया है।

*****